# LATEST NEWS

# Election

## Date: 17th Mar. 2026

## Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:
CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

पंजाब केसरी
TUE, 17 MARCH 2026
EDITION: JAIPUR, PAGE NO. 1

# चुनावी पारदर्शिता का राष्ट्रीय मॉडल बन रहा राजस्थान

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के ओरियंटेशन कार्यक्रम में उत्तराखंड पहुंचे मुख्य निर्वाचन अधिकारी

जयपुर, 16 मार्च (विशेष संवाददाता) : निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और मतदाता-केंद्रित बनाने की दिशा में निर्वाचन विभाग राजस्थान द्वारा किए जा रहे नवाचार अब पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत बनते जा रहे हैं। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) के तहत राज्य में लागू की गई तकनीकी पहल और व्यवस्थागत सुधारों ने अन्य राज्यों का ध्यान आकर्षित किया है तथा उन्हें अपनाने की पहल भी शुरू हो गई है।

इसी क्रम में राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के ओरिएंटेशन कार्यक्रम के लिए उत्तराखंड के दौरे पर पहुंचे। वहां उत्तराखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने अपने कार्यालय में उनका स्वागत किया। इस दौरान आगामी एसआईआर अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने राजस्थान में लागू की गई प्रक्रियाओं, तकनीकी नवाचारों और प्रबंधन प्रणाली के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। उत्तराखंड दौरे पर गई राजस्थान की टीम में संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी (आईटी) एमए तिवारी तथा सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र मीणा भी शामिल रहे। इससे पूर्व उड़ीसा और महाराष्ट्र निर्वाचन विभाग के अधिकारियों की टीमें भी राजस्थान आकर यहां संचालित एसआईआर कार्यों का अवलोकन कर चुकी हैं। इन टीमों ने राजस्थान की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित, तकनीकी रूप से उन्नत तथा पूर्णतः मतदाता-केंद्रित बताते हुए इसकी सराहना की। उन्होंने यह भी माना कि मतदाता सूची की शुद्धता और व्यापकता सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान द्वारा अपनाया गया मॉडल अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श उदाहरण बन सकता है।



*उत्तराखंड में बैठक कर एसआईआर की जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन।*

### दूसरे राज्यों में मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया बढ़ा रही विभाग का उत्साह

मुख्य निर्वाचन अधिकारी महाजन ने कहा कि विभिन्न राज्यों से मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया राजस्थान निर्वाचन विभाग के लिए उत्साहवर्धक है। यह प्रतिक्रिया विभाग को और अधिक सशक्त, आधुनिक और विश्वसनीय निर्वाचन प्रणाली विकसित करने के लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत राजस्थान में किए गए नवाचार अब राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रेरक मॉडल के रूप में उभर रहे हैं। आने वाले समय में इन प्रयासों से न केवल मतदाता सूची की गुणवत्ता बेहतर होगी, बल्कि चुनावी व्यवस्था की पारदर्शिता और विश्वसनीयता भी और अधिक मजबूत होगी।

दैनिक नवज्योति Jaipur City - 17 Mar 2026 - Page 7

# एसआईआर में राष्ट्रीय मॉडल बन रहा राजस्थान

**ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर।** निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और मतदाता-केन्द्रित बनाने की दिशा में निर्वाचन विभाग राजस्थान के नवाचार अब पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत बनते जा रहे हैं। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 (एसआईआर) के तहत राज्य में लागू की गई तकनीकी पहल और व्यवस्थागत सुधारों ने अन्य राज्यों का ध्यान आकर्षित किया है तथा उन्हें अपनाने की पहल भी शुरू हो गई है।



इसी क्रम में राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन एसआईआर के ओरिएंटेशन कार्यक्रम के लिए उत्तराखण्ड के दौरे पर पहुंचे। वहां उत्तराखण्ड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने अपने कार्यालय में उनका स्वागत किया। इस दौरान आगामी एसआईआर अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अधिकारियों ने राजस्थान में लागू की गई प्रक्रियाओं, तकनीकी नवाचारों और प्रबंधन प्रणाली के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार विमर्श किया। टीम में संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी आईटी एमए तिवारी तथा सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र मीणा भी शामिल रहे।

हिन्दुस्तान

# एसआईआर की तैयारियां तेज, 87 प्रतिशत मैपिंग पूरी

देहरादून, मुख्य संवाददाता। उत्तराखंड में आगामी अप्रैल माह से शुरू होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर निर्वाचन विभाग ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है।

सोमवार को आयोजित बैठक में राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने वहां हाल ही में संपन्न हुए एसआईआर के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। इस बैठक में उत्तराखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी

■ उत्तराखंड में अप्रैल माह से शुरू होगा विशेष गहन पुनरीक्षण

डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने जानकारी दी कि प्रदेश में अब तक 87 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूरी की जा चुकी है। उन्होंने उन बूथों पर, जहां मैपिंग की गति धीमी है, संबंधित अधिकारियों को सख्त टाइमलाइन के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।



AnyScanner

दैनिक जागरण

# उत्तराखंड में 87 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूरी

## राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने साझा किए अनुभव

**एसआइआर**

राज्य ब्यूरो, जागरण • देहरादून : उत्तराखंड में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। प्री-एसआइआर के तहत प्रदेश में अब तक लगभग 87 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूरी कर ली गई है। सोमवार को बीजापुर गेस्ट हाउस में राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाराज के साथ हुई बैठक में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने यह जानकारी दी।



राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाराज को स्मृति चिह्न प्रदान करते उत्तराखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा बीवीआरसी पुरुषोत्तम( दायें), साथ हैं अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे( बायें) • सूवि

राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने हाल में ही राजस्थान में संपन्न विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया और उससे जुड़े अनुभवों को साझा किया। उन्होंने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से एसआइआर के सफल संपादन को अपनाई गई कार्यप्रणाली, तकनीकी व्यवस्थाओं और मैदानी स्तर पर किए गए समन्वय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक के दौरान उत्तराखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा पुरुषोत्तम ने बताया कि प्रदेश में अधिकांश बूथों पर मतदाताओं की मैपिंग तेजी से पूरी हो रही है। जिन बूथों पर यह कार्य अपेक्षाकृत धीमी गति से चल रहा है, वहां संबंधित अधिकारियों को तय समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

डा पुरुषोत्तम ने कहा कि शत-प्रतिशत मैपिंग होने से विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन विभाग का लक्ष्य है कि प्रत्येक मतदाता का विवरण सही और अद्यतन रूप में उपलब्ध हो, जिससे भविष्य के चुनावों में मतदाता सूची पूरी तरह सटीक और त्रुटिरहित रह सके। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चंद्रा, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान एमएम तिवारी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी एनके मीणा तथा देहरादून के मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह सहित सभी जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारी उपस्थित रहे।



SCAN AnyScanner

नवोदय टाइम्स

# एसआईआर की तैयारियां तेज, 87 फीसद मैपिंग पूरी

देहरादून. 16 मार्च (नवोदय टाइम्स): राज्य में अगले माह होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी बीवीआरसी पुरुषोत्तम की पहल पर निर्वाचनविभाग राजस्थान ने उत्तराखंड पहुंचकर अपने अनुभव साझा किए। सोमवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान नवीन महाजन ने हाल में ही राजस्थान में संपन्न एसआईआर के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के सभी अधिकारियों सहित सभी जिलों के डिप्टी डीईओ/अपर जिला अधिकारियों, नेशनल एवं स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर्स ने भी हिस्सा लिया।

## ■ सीईओ राजस्थान ने दिए सफल संपादन के टिप्स

बैठक के दौरान राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया कि प्रदेश में 87 फीसद मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है। जिन बूथों पर मैपिंग की गति धीमी है, संबंधित अधिकारियों को टाइमलाइन देते हुए समय पर मैपिंग कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि अगले साल राज्य में विधानसभा चुनाव होना है। ऐसे में विधानसभा चुनाव से पहले ही एसआईआर की प्रक्रिया पूरी करनी है, जिसके लिए निर्वाचन आयोग की ओर कई कवायदें की जा रही है।

बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चंद्रा, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान एमएमतिवारी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी एनके मीणा, देहरादून के सीडीओ अभिनव शाह समेत सभी जिलों के डिप्टी डीईओ, अपर जिला अधिकारियों, नेशनल एवं स्टेटलेवल मास्टर ट्रेनर्स एसएलएमटी, एनएलएमटी ने भी हिस्सा लिया।



AnyScanner

उत्तर उजाला

# उत्तराखंड में एसआईआर की तैयारी तेज, 87 फीसदी मैपिंग पूरी

## सीईओ राजस्थान ने बताए एसआईआर के सफल संपादन के टिप्स



उत्तर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखण्ड में आगामी अप्रैल माह में होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा.बीवीआरसी पुरुषोत्तम की पहल पर निर्वाचन विभाग राजस्थान ने उत्तराखंड पहुंचकर अपने अनुभव साझा किए। सोमवार को देहरादून में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान नवीन महाजन ने हाल में ही राजस्थान में सम्पन्न एसआईआर के सम्बंध में विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय उत्तराखण्ड के सभी अधिकारियों सहित सभी जनपदों के डिप्टी डीईओ /अपर जिला अधिकारियों, नेशनल एवं स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर्स ने भी प्रतिभाग किया। बैठक ने दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा.बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया कि प्रदेश में 87 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है। जिन बूथों पर मैपिंग की गति धीमी है वहां सम्बंधित अधिकारियों को टाइमलाइन देते हुए ससमय मैपिंग कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा.विजय कुमार जोगदंडे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चंद्रा, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान एमएम तिवारी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी एनके मीणा, देहरादून जनपद के सीडीओ अभिनव शाह, सहित सभी जनपदों जनपदों के डिप्टी डीईओ /अपर जिला अधिकारियों, नेशनल एवं स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर्स एसएलएमटी, एनएलएमटी ने भी प्रतिभाग किया।



AnyScanner

अमर उजाला

# एसआईआर की तैयारी तेज, 87% मैपिंग पूरी

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून। उत्तराखंड में अप्रैल माह में शुरू होने जा रहे चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम की पहल पर राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अपने अनुभव साझा किए।

सोमवार को देहरादून में आयोजित बैठक में सीईओ राजस्थान नवीन महाजन ने हाल में ही अपने प्रदेश में संपन्न एसआईआर का विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय उत्तराखंड के सभी अधिकारियों सहित सभी जिलों के डिप्टी डीईओ, अपर जिला अधिकारियों, नेशनल एवं स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर्स ने भी शिरकत की।

बैठक ने दौरान सीईओ डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया कि प्रदेश में 87 प्रतिशत मतदाताओं की बीएलओ मैपिंग की जा चुकी है।

## राजस्थान के सीईओ ने बताए एसआईआर के सफल संपादन के टिप्स



जिन बूथों पर मैपिंग की गति धीमी है, अधिकारियों को टाइमलाइन देते हुए ससमय मैपिंग के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चंद्रा, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान एमएम तिवारी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी एनके मीणा, देहरादून के सीडीओ अभिनव शाह सहित सभी जिलों के अफसर शामिल हुए।



AnyScanner

शाह टाइम्स

# उत्तराखण्ड में अप्रैल माह से शुरू होगा एसआईआर

- उत्तराखंड में एसआईआर की तैयारियां तेज, प्रदेश में 87 फीसदी मैपिंग पूरी
- सीईओ राजस्थान ने बताए एसआईआर के सफल संपादन के टिप्स
- शत प्रतिशत मैपिंग से आसान होगी एसआईआर की राह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड में आगामी अप्रैल माह में होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम की पहल पर निर्वाचन विभाग राजस्थान ने उत्तराखंड पहुंचकर अपने अनुभव साझा किए। सोमवार को देहरादून में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान श्री नवीन महाजन ने हाल में ही राजस्थान में समपन्न एसआईआर के सम्बंध में विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय उत्तराखण्ड के सभी अधिकारियों सहित सभी जनपदों के डिप्टी डीईओ /अपर जिला अधिकारियों, नेशनल एवं स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर्स ने भी प्रतिभाग किया।

बैठक ने दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया कि प्रदेश में 87 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है। जिन बूथों पर मैपिंग की गति धीमीं है सम्बंधित अधिकारियों को टाइमलाइन देते हुए ससमय मैपिंग कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चंद्रा, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान एमएम तिवारी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी एनके मीणा, देहरादून जनपद के सीडीओ अभिनव शाह, सहित सभी जनपदों जनपदों के डिप्टी डीईओ /अपर जिला अधिकारियों, नेशनल एवं स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर्स एसएलएमटी, एनएलएमटी ने भी प्रतिभाग किया।



AnyScanner

Garhwal Post

# 87% Voter Mapping completed under SIR in U'khand so far

Garhwal Post Bureau



**DEHRADUN, 16 Mar:** Preparations for the Special Intensive Revision (SIR) of electoral rolls scheduled to begin in April have gathered momentum in Uttarakhand. The officials stated today that 87 percent of voter mapping in the state has already been completed.

On the initiative of Chief Electoral Officer DR BVRC Purushottam, the officials from the Election Department of Rajasthan visited Uttarakhand to share their experience and best practices in conducting the Special Intensive Revision (SIR).

During an important meeting held in Dehradun, today, CEO of Rajasthan Naveen Mahajan delivered a detailed presentation on the SIR exercise recently carried out in Rajasthan and shared key insights and practical tips for its successful implementation. The meeting was attended by officials of the CEO's Office in Uttarakhand as well as Deputy District Election Officers and Additional District Magistrates from all districts of the state. National Level Master Trainers and State Level Master Trainers also participated in the session.

Addressing the meeting, Chief Electoral Officer (CEO) Dr Purushottam stated that mapping of 87 percent of voters in the state has been completed so far. He added that, in the polling stations where the mapping process is progressing at a slower pace, the officers concerned have been given a timeline and instructed to complete the work within the stipulated period so that the Special Intensive Revision can be conducted smoothly.

Among those present at the meeting were Additional Chief Electoral Officer Vijay Kumar Jogdande, Joint Chief Electoral Officer Prakash Chandra, Deputy Chief Electoral Officer Kishan Singh Negi, Joint Chief Electoral Officer of Rajasthan MM Tiwari, Assistant Chief Electoral Officer Mastu Das, Assistant Chief Electoral Officer NK Meena and Chief Development Officer, Dehradun, Abhinav Shah. Deputy District Election Officers and Additional District Magistrates from all districts of the state, along with National Level Master Trainers and State Level Master Trainers, were also present at the meeting.



SCAN AnyScanner